दिन– शनिवार                                    दिनांक– 11 / 07 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।                                    अवधि – 05 मिनट

---

उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने कहा है कि लोकतंत्र में मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन संविधान के प्रति प्रतिबद्धता और जनकल्याण सर्वोपरि होना चाहिए। श्री राधाकृष्णन गयाजी के बिपार्ड परिसर में विधानसभा सदस्यों के प्रशिक्षण शिविर सह प्रबोधन कार्यक्रम के उद्‌घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से लोकतांत्रिक मूल्यों, पारदर्शिता और जनता के प्रति जवाबदेही को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान किया। श्री राधाकृष्णन ने कहा कि विकसित बिहार के बिना विकसित भारत का लक्ष्य पूरा नहीं हो सकता। समारोह में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल–सेवानिवृत्त सैयद अता हसनैन, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार, विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह, विधानसभा के उपाध्यक्ष नरेन्द्र नारायण यादव समेत अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम का उद्‌देश्य नये और पुराने सभी सदस्यों को संसदीय कार्यप्रणाली और विधानसभा की नियमावलियों से परिचित कराना है।

————————————————————

प्रदेश में आज से अस्सी वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठ नागरिकों के लिए घर बैठे भूमि, प्लॉट और फ्लैट के निबंधन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने वैशाली जिला मुख्यालय, हाजीपुर स्थित जिला निबंधन कार्यालय में आयोजित समारोह से इस सुविधा का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने मोबाईल रजिस्ट्रेशन यूनिट की भी शुरूआत की। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और बिजेन्द्र प्रसाद यादव भी मौजूद थे। मद्य निषेध उत्पाद और निबंधन विभाग के मंत्री मदन सहनी ने बताया कि नई व्यवस्था के तहत बुजुर्गों को घर बैठे भूमि, प्लॉट और फ्लैट के निबंधन की सुविधा उपलब्ध होगी। सेवा के अंतर्गत पेपरलेस निबंधन, सी. ओ. द्वारा निबंधन संबंधी पूर्व जानकारी तथा जीआईएस तकनीक के माध्यम से स्थल निरीक्षण जैसी सुविधाएँ भी प्रदान की जाएँगी। यह व्यवस्था प्रदेश के सभी एक सौ पैंतालीस निबंधन कार्यालयों में लागू होगी।

————————————————————

कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि प्रदेश में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है। श्री सिन्हा ने पटना में विभागीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को उर्वरकों की उपलब्धता और वितरण व्यवस्था की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने उर्वरकों की कालाबाजारी, अवैध भण्डारण और अवैध परिवहन की रोकथाम के लिए जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया। कृषि मंत्री ने किसानों से आग्रह किया है कि वे उर्वरक खरीदते समय रसीद अवश्य लें।

———————————————————————

प्रदेश में मानसून की सक्रियता से राजधानी पटना समेत कई जिलों में देर रात से रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान पटना के विक्रम में लगभग सौ मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। राजधानी पटना में भी लगभग नब्बे मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई है। मौसम विभाग ने आज मुजफ्फरपुर, गोपालगंज और सीवान जिले में अत्यधिक भारी बारिश जबकि पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, सारण, शिवहर, सीतामढी, कटिहार और पूर्णियां जिले में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। विभाग ने कहा है कि अगले सात दिनों तक राज्य में बारिश की परिस्थितियां बनी रहेंगी।

———————————————————————

आज विश्व जनसंख्या दिवस है। प्रत्येक वर्ष ग्यारह जुलाई को मनाया जाने वाला यह दिन बढ़ती जनसंख्या से जुड़ी चुनौतियों और अवसरों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। इसका उद्देश्य जनसंख्या से जुड़े मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करना और सतत विकास की दिशा में प्रयासों को प्रोत्साहित करना है। इस वर्ष विश्व जनसंख्या दिवस का विषय है– युवाओं की आशाओं और आकांक्षाओं को साकार करना – आज और भविष्य के लिए। विश्व जनसंख्या दिवस पर प्रदेशभर में कई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

———————————————————————

बगहा की एक अदालत ने मानव तस्करी के एक मामले में पश्चिम बंगाल के दो आरोपियों को दोषी करार दिया है। सजा के बिन्दु पर तेरह जुलाई को सुनवाई होगी। यह मामला मात्र चौबीस दिन पुराना है।

———————————————————————

अररिया जिले के बथनाहा थाना क्षेत्र से पुलिस और एसटीएफ की टीम ने एक चार पहिया वाहन से अठारह किलो गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

किशनगंज में सीमा सुरक्षा बल, बीएसएफ की हीरक जयंती के अवसर पर आयोजित दस दिवसीय स्पंदन–स्पोर्ट्स फॉर पीस एंड डेवलपमेंट फुटबॉल प्रतियोगिता संपन्न हो गई। फाइनल मुकाबले में पूर्णियां आदिवासी यूनाईटेड फुटबॉल क्लब की टीम विजेता बनी।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।